जनपद न्यायालय, वाराणसी।

नीलामी आदेश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु दीवानी न्यायालय, वाराणसी परिसर में स्थित शेष रह गयी कुल 06 दुकानों की नीलामी दिनांक 27.11.2020 को समय 12:00 बजे से सांय 4:00 बजे के बीच दीवानी न्यायालय, वाराणसी के मनोरंजन कक्ष में माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा गठित समिति के द्वारा किया जायेगा।

नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति नियमों एवं शर्तों की जानकारी दीवानी न्यायालय, वाराणसी के नोटिस बोर्ड, नजारत कार्यालय अथवा न्यायालय की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते है।

सभी प्रकार से भरे हुए आवेदन पत्र मय धरोहर धनराशि के ड्राफ्ट सहित दिनांक 26.11.2020 तक नजारत कार्यालय में सायं 05:00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्राप्त करा दिये जाये। इसके पश्चात कोई आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा।

किसी भी बोली को स्वीकृत करने या अस्वीकृत करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय को होगा।

इस नोटिस को नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाये एवं इसकी सूचना न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर भी अपलोड की जाये।

R.K. Pandey 03/11/2020

(श्री राजीव कमल पाण्डेय)
अध्यक्ष–नीलामी समिति
जनपद न्यायालय, वाराणसी

जनपद न्यायालय, वाराणसी

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीवानी न्यायालय, वाराणसी परिसर में स्थित कन्फेक्शनरी, चाय, फल, फोटोस्टेट की वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु नीलामी दिनांक 26.11.2020 को समय 12:00 बजे से सांय 4:00 बजे के बीच जनपद न्यायालय, वाराणसी के मनोरंजन कक्ष में नीलामी समिति के द्वारा की जायेगी।

नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति आवेदन पत्र तथा नियमो एवं शर्तो की जानकारी जनपद न्यायालय, वाराणसी के नजारत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। विस्तृत विवरण हेतु नोटिस बोर्ड एवं न्यायालय के वेबसाइट का भी अवलोकन कर सकते है।

R. K. Pandey 05/11/2020

(श्री राजीव कमल पाण्डेय)
अध्यक्ष–नीलामी समिति
जनपद न्यायालय, वाराणसी